महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकः रू0वि0/प0नि0का0/एफ–3/2026/1517 दिनांकः 06.11.2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालय
सम्बद्ध एम0जे0पी0रू0वि0, बरेली।

विषयः– विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में बिना प्रयोग रक्षित उत्तर पुस्तिकाओं को विश्वविद्यालय में संरक्षित किये जाने विषयक।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या ई–8274/32–जी0एस0/2022–XIV दिनांक 20 दिसम्बर, 2022 द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों में बिना प्रयोग की हुयी रक्षित उत्तर पुस्तिकाओं को सम्बन्धित महाविद्यालयों से अविलम्ब मंगाकर, विश्वविद्यालय में संरक्षित करने के निर्देश दिये गये थे, जिससे इनके दुरूपयोग को रोका जा सके।

उपरोक्त के आलोक में आपसे अपेक्षा है कि विश्वविद्यालय परीक्षाओं हेतु आपके महाविद्यालयों को उपलब्ध करायी गयी उत्तर पुस्तिकाओं में से अप्रयुक्त 'अ' एवं 'ब' उत्तर पुस्तिकाओं का निम्न प्रारूप पर विवरण 02 दिवसों में अधोहस्ताक्षरी की ई–मेल coe@mjpru.ac.in पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें, ताकि संबंधित महाविद्यालयों को परीक्षा से पूर्व उत्तरपुस्तिका उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

क.सं	वर्तमान में महाविद्यालय में उपलब्ध उत्तर पुस्तिकाओं का विवरण				
	महाविद्यालय का नाम	महाविद्यालय में उपलब्ध 'अ' उत्तर पुस्तिका का विवरण	आगामी परीक्षाओं हेतु वांछित 'अ' उत्तर पुस्तिका का विवरण	महाविद्यालय में उपलब्ध 'ब' उत्तर पुस्तिका का विवरण	आगामी परीक्षाओं हेतु वांछित 'ब' उत्तर पुस्तिका का विवरण
1					

भवदीय
06.11.26
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर, बरेली।
2. मीडिया प्रभारी।
3. उप कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)
4. प्रभारी, मुद्रण अनुभाग।
5. निजी सचिव कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
6. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट।
7. वै.सहा. कुलसचिव।

परीक्षा नियंत्रक